# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 2819/E / परीक्षा–गोपनीय / 2025 रायगढ़, दिनांक 24/09/2025

## –:: अधिसूचना ::–

सत्र 2025–26 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (प्रथम सेमेस्टर) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नवप्रवेशित नियमित परीक्षार्थी (जो इस विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रथम बार सम्मिलित होंगे) हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://snpv.ac.in पर उपलब्ध Online Portal Link के माध्यम से नामांकन आवेदन(Enrollment Form) एवं नामांकन शुल्क ऑनलाईन जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्रमाँक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01. | स्नातक (प्रथम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (प्रथम सेमेस्टर) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नवप्रवेशित नियमित परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन भरे जाने हेतु प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (बिना विलंब शुल्क के) | 25.09.2025 से 13.10.2025 तक |
| 02. | स्नातक (प्रथम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (प्रथम सेमेस्टर) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन भरे जाने हेतु प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि (विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ) | 14.10.2025 से 23.10.2025 तक |
| 03. | छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 25.10.2025 तक |
| 04. | महाविद्यालय छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की सूची (Enrollment Return/Roll List 2025–26) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि | अशासकीय महाविद्यालय दिनांक 29.10.2025 तक<br>शासकीय महाविद्यालय दिनांक 31.10.2025 तक |

नोटः–

- समस्त महाविद्यालयों के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को नामांकन फॉर्म भरना अनिवार्य है। ऐसे छात्र–छात्राएं जो इस विश्वविद्यालय से सत्र 2024–25 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण है, एवं सत्र 2025–26 नवप्रवेशित छात्र–छात्राएं है। जो पूर्व में नामांकित है उन छात्र–छात्राओं को नामांकन शुल्क से मुक्त रखा गया है। परंतु Enrollment Mappping की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
- छात्र यह स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा प्रवेश के समय VAC एवं GE के विषयों का चयन किया गया है या नही अन्यथा की स्थिति में प्रवेशित महाविद्यालय से संपर्क कर उक्त विषयों का चयन पश्चात् ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें।



AnyScanner

- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामांकन आवेदन भरते समय यूजर आई.डी./पासवर्ड हेतु एक मोबाईल नंबर से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल नंबर एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।
- नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते है।
- नामांकन आवेदन में किसी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
- किसी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नही होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते है।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव (प्रभारी)**

पृ.क्र. 2820/E/ परीक्षा–गोपनीय/2025 रायगढ़, दिनाँक 24/09/2025

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
03. वित्ताधिकारी, (भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक ................................ समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालयीन प्रति।

**प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)**



SCAN AnyScanner